## संपादकीय

# कनाडा का फंसा कांटा

पहले एंटनी ब्लिंकेन और फिर जस्टिन ट्रूडो के बयानों ने यह स्पष्ट कर दिया है कि निज्जर हत्याकांड का मामला अभी ठंडा नहीं पड़ा है, भले इस बीच फिलस्तीन-इजराइल युद्ध छिड़ जाने से यह सुर्खियों से हट गया हो।

दिवाली के दिन कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने भारत की दुखती रग को फिर से छेड़ा। उन्होंने आरोप दोहराया कि नई दिल्ली स्थित कनाडा के राजनयिकों के कूटनीतिक अभयदान को रद्द कर भारत ने वियना संधि का उल्लंघन किया। खालिस्तानी कार्यकर्ता हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में भारत का हाथ होने का आरोप दोहराते हुए उन्होंने कहा कि बड़े देश अगर इस तरह "अंतरराष्ट्रीय कानूनों का उल्लंघन" करें, तो सारी दुनिया सबके लिए अधिक खतरनाक जगह बन जाती है। इसके ठीक पहले पिछले हफ्ते भारत और अमेरिका के बीच 2+2 वार्ता के लिए आए अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकेन ने नई दिल्ली में पत्रकारों से कहा था कि उन्होंने भारत को निज्जर हत्याकांड के बारे में कनाडा में चल रही जांच में सहयोग करने को कहा है। इस बयान का सीधा मतलब है कि अमेरिका अपनी इस राय पर कायम है कि कनाडा के पास निज्जर की हत्या में भारत के हाथ के बारे में विश्वसनीय सबूत हैं और वहां चल रही जांच सही दिशा में है।

इन दो बयानों ने यह स्पष्ट कर दिया है कि निज्जर हत्याकांड का मामला ठंडा नहीं हुआ है, भले इस बीच फिलस्तीन-इजराइल युद्ध छिड़ जाने से यह सुर्खियों से हट गया हो। भारत के नजरिए यह मामला इसलिए बेहद अहम है, क्योंकि पिछले साढ़े तीन दशक में सभी सरकारों और खासकर मोदी सरकार की नीति भारत को अमेरिकी धुरी के करीब ले जाने की रही है। चीन की बढ़ती चुनौती के बीच हाल के वर्षों में अमेरिका ने भी भारत से अपने रिश्तों को खास तरजीह दी। इसके बावजूद निज्जर मामले में उसने भारत के रुख को स्वीकार नहीं किया है। हालांकि चीन संबंधी चिंता इतनी बड़ी है कि भारत में अपने रणनीतिक निवेश को वह झटके से खत्म करने की स्थिति में नहीं है, फिर भी इस विवाद ने पश्चिम के साथ आगे बढ़ रहे रिश्तों में एक अवरोध जरूर खड़ा कर दिया है। अब यह भारत को तय करना है कि उसकी निगाह में अमेरिकी धुरी से जुड़ने में किए अपने रणनीतिक निवेश को बचाना महत्त्वपूर्ण है, या एक साथ सभी धुरियों को चुनौती देते हुए आगे बढ़या।

# वनडे विश्वकप 2023: भारत ने न्यूजीलैंड को दिया 398 रनों का लक्ष्य

### कोहली-श्रेयस की शतकीय पारियां



**मुंबई।** वनडे विश्व कप 2023 के पहले सेमीफाइनल मुकाबले में गुरुवार को भारतीय क्रिकेट टीम और न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम आमने-सामने है।भारत ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 50 ओवरों में 4 विकेट खोकर 398 रन बनाए।टीम के लिए विराट कोहली सबसे अधिक 117 रन बनाने में कामयाब रहे। न्यूजीलैंड की ओर से टिम साउथी 2 विकेट लेने में सफल रहे।

भारत की शुरुआत बेहद शानदार रही और पहले विकेट के लिए शुभमन गिल और रोहित शर्मा ने केवल 50 गेंदों में ही 71 रन की साझेदारी कर डाली।इसके बाद दूसरे विकेट के लिए गिल और कोहली के बीच 83 गेंदों में 93 रनों की साझेदारी हुई।इतना ही नहीं तीसरे विकेट के लिए तो श्रेयस अय्यर और कोहली ने मिलकर 128 गेंदों में 163 रन की शानदार साझेदारी निभाकर टीम को विशाल स्कोर तक पहुंचाया।

वनडे विश्व कप में यह भारत का तीसरा सबसे बड़ा स्कोर है। साथ ही न्यूजीलैंड टीम के खिलाफ यह भारत का विश्व कप में सबसे बड़ा स्कोर है। इससे पूर्व कीवियों के खिलाफ भारत का सर्वाधिक स्कोर 274/6 रन (धर्मशाला, 2023) का था।

कोहली ने वर्तमान वनडे विश्व कप में अपनी शानदार लय को जारी रखते हुए एक बार फिर टीम के लिए उपयोगी पारी खेली।कोहली ने गुरुवार को अपने वनडे क्रिकेट करियर का 50वां शतक जमाया। वह इस मुकाम तक पहुंचने वाले दुनिया के पहले बल्लेबाज बने।अपनी पारी में उन्होंने 103.54 की स्ट्राइक रेट से बल्लेबाजी करते हुए 113 गेंदों का सामना करते हुए 117 रन बनाए। अपनी पारी में उन्होंने 9 चौके और 2 छक्के जमाए।

कोहली वनडे क्रिकेट में सबसे अधिक शतक जमाने वाले बल्लेबाज हैं। इस सूची में उनके बाद सचिन तेंदुलकर (49), रोहित शर्मा (31), रिकी पोंटिंग (30), सनथ जयसूर्या (28) और हाशिम अमला (27) हैं।

कोहली (8) एक वनडे विश्व कप संस्करण में सबसे अधिक बार 50+ की पारी खेलने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। उनके बाद सूची में तेंदुलकर और शाकिब अल हसन (दोनों 7-7) हैं।कोहली (691) एक वनडे विश्व कप संस्करण में सबसे अधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज बन गए हैं।इस मामले में उन्होंने तेंदुलकर (673, 2003) को पीछे छोड़ दिया है। इन दोनों के बाद सूची में मैथ्यू हेडन (659, 2007) और रोहित (648, 2019) हैं।

श्रेयस ने अपनी बल्लेबाजी योग्यता का शानदार उदाहरण पेश करते हुए एक अहम पारी खेली।यह उनके वनडे क्रिकेट करियर का 5वां शतक रहा। साथ ही वनडे विश्व कप में यह उनका लगातार दूसरा शतक रहा। पिछले मैच में उन्होंने नीदरलैंड क्रिकेट टीम के खिलाफ शतक जमाया था।उन्होंने अपनी पारी में 150.00 की स्ट्राइक रेट से बल्लेबाजी करते हुए 70 गेंदों में 105 रन बनाए। पारी के दौरान उन्होंने 4 चौके और 8 छक्के जमाए।

# रोहित-गिल की जोड़ी ने बनाया वर्ल्ड रिकॉर्ड

**मुंबई।** वनडे वर्ल्ड कप 2023 में टीम इंडिया का प्रदर्शन अभी तक काफी खास रहा है। रोहत शर्मा और शुभमन गिल की ओपनिंग जोड़ी ने लगातार टीम इंडिया को अच्छी और तेज शुरुआत दिलाई है। इस टूर्नामेंट में ही नहीं बल्कि इस पूरे साल ही रोहत शर्मा और शुभमन गिल ने मिलकर खुब रन बनाए हैं। इसी के साथ रोहित-गिल की जोड़ी ने वनडे क्रिकेट में इतिहास रच दिया है। इस जोड़ी ने एक ऐसा कमाल किया है जो इससे पहले वनडे क्रिकेट में कोई भी जोड़ी नहीं कर सकी थी।

रोहत शर्मा और शुभमन गिल की जोड़ी इस टूर्नामेंट में काफी आक्रमक नजर आ रही है। वर्ल्ड कप 2023 के पहले सेमीफाइनल में भी न्यूजीलैंड के खिलाफ इन दोनों खिलाडिय़ों ने काफी शानदार शुरुआत दिलाई। दोनो खिलाडिय़ों ने पहले विकेट के लिए 8.2 ओवर में 71 रन जोड़े। ये इस साल रोहित और गिल के बीच 14वीं 50+ रन की पार्टनरशिप थी। इसी के साथ वनडे क्रिकेटमें ये पहली जोड़ी बन गई है जिसने एक साल में 14 बार 50+ रन की पार्टनरशिप की है। इससे पहले ये कारनामा किसी भी जोड़ी ने नहीं किया था।

रोहत शर्मा और शुभमन गिल की ओपनिंग जोड़ी ने एडम गिलक्रिस्ट और मैथ्यू हेडन जैसी धाकड़ जोड़ी को पीछे छोड़ा है। एडम गिलक्रिस्ट और मैथ्यू हेडन की जोड़ी ने साल 2007 में 13 बार 50+ रन की पार्टनरशिप की थी। 2003 में भी इस जोड़ी ने 12 बार 50+ रन की पार्टनरशिप की थी। वहीं, 1999 में मार्क वॉ और एडम गिलक्रिस्ट की जोड़ी ने भी 12 बार 50+ रन की पार्टनरशिप की थी।

रोहत शर्मा ने इस मैच में 29 गेंदों का सामना करते हुए 47 रन बनाए। इस दौरान उन्होंने 4 चौके और इतने ही छक्के जड़े। वहीं, शुभमन गिल क्रैम्प के चलते रिटायर्ड हर्ट हुए। शुभमन गिल ने रिटायर्ड हर्ट होने से पहले 65 गेंदों पर 79 रन बनाए। इस दौरान उन्होंने 8 चौके और 3 छक्के जड़े।

# सहारा समूह के संस्थापक सुब्रत रॉय का लंबी बीमारी के बाद 75 साल की उम्र में निधन

**मुंबई।** सहारा इंडिया परिवार के संस्थापक सहाराश्री सुब्रत रॉय का लंबी बीमारी के बाद दिल का दौरा पडऩे से मंगलवार को निधन हो गया। वह 75 वर्ष के थे। रॉय के निधन पर शोक जताते हुए सहारा इंडिया समूह ने एक बयान में कहा, गहरे दुख के साथ सहारा इंडिया परिवार हमारे सहाराश्री सुब्रत रॉय सहारा, प्रबंध कार्यकर्ता और अध्यक्ष, सहारा इंडिया परिवार के निधन की सूचना दे रहा है। सहाराश्री एक प्रेरणादायक नेता और दूरदर्शी थे, जिनका 14 नवंबर को रात 10.30 बजे मेटास्टैटिक घातकता, उच्च रक्तचाप और मधुमेह से उत्पन्न जटिलताओं के साथ लंबी लड़ाई के बाद कार्डियोरेस्पिरेटरी अरेस्ट के कारण निधन हो गया। उन्हें कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। स्वास्थ्य में गिरावट के बाद 12 नवंबर को उन्?हें मुंबई के मेडिकल रिसर्च इंस्टीट्यूट (केडीएएच) में भर्ती कराया गया। समूह ने कहा, उनकी क्षति पूरे सहारा इंडिया परिवार को गहराई से महसूस होगी।

# विराट कोहली ने जड़ा 50वां वनडे शतक, सचिन तेंदुलकर को छोड़ दिया पीछे



**मुंबई।** भारतीय क्रिकेट टीम के अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली ने इतिहास रच दिया है। उन्होंने वनडे वर्ल्ड कप 2023 के पहले सेमीफाइनल मैच में न्यूजीलैंड के खिलाफ शतक लगाकर महान सचिन तेंदुलकर के रिकॉर्ड को तोड़ दिया है। वनडे में विराट का ये 50वां शतक है। इसी के साथ वह वनडे में सबसे ज्यादा शतक लगाने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। इससे पहले 49 शतक के साथ ये रिकॉर्ड सचिन तेंदुलकर के नाम था। बात करें इंटरनेशनल क्रिकेट के बारे में तो यह उनका 80वां इंटरनेशनल शतक हैं।

विराट कोहली ने 279 पारियों में 50 वनडे शतक लगाए हैं। इससे पहले सचिन तेंदुलकर ने वनडे करियर में 452 पारियां खेलते हुए 49 शतक लगाए थे। इनके अलावा रोहित शर्मा 31 शतक के साथ इस लिस्ट में तीसरे नंबर पर है और रिकी पोंटिंग ने अपने वनडे करियर में 30 शतक लगाए थे। वहीं, श्रीलंका के सनथ जयसूर्या ने वनडे में 28 शतक लगाए हैं।

विराट कोहली ने ये एतिहासिक शतक 106 गेंदों पर पूरा किया। इस दौरान उन्होंने 8 चौके और 1 छक्का जड़ा।

विराट कोहली इस वर्ल्ड कप में शानदार फॉर्म में नजर आ रहे हैं और टीम इंडिया के लिए लगातार रन बना रहे हैं। विराट इस सीजन में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज हैं। वह इस वर्ल्ड कप में अभी तक 3 शतक और 5 अर्धशतक जड़ चुके हैं। वह इकलौते बल्लेबाज भी हैं जिसने एक वर्ल्ड कप में 8 बार 50+ रन बनाए हैं।

विराट कोहली इस ऐतिहासिक शतक जडऩे के बाद सचिन तेंदुलकर के सामने नतमस्तक किया। दरअसल, विराट कोहली अपना आइडल सचिन तेंदुलकर को मानते हैं और उन्होंने सचिन का रिकॉर्ड ही तोड़ा है।

# सकारात्मक वैश्विक संकेतों के चलते निफ्टी में बड़ी बढ़त

**नई दिल्ली।** मजबूत घरेलू और वैश्विक संकेतों के बाद निफ्टी50 ने बुधवार को दिन की शुरुआत मजबूती के साथ की और धीरे-धीरे 231.90 अंक चढ़ कर 19,675.45 पर बंद हुआ। प्रोग्रेसिव शेयर्स के निदेशक आदित्य गग्गर का कहना है कि दिन का अंत सभी सेक्टर में हरे निशान के साथ हुआ, जिसमें रियल्टी, आईटी और ऑटो का प्रदर्शन बेहतर रहा। उन्होंने कहा, व्यापक बाजारों में मिश्रित रुझान देखा गया, जहां स्मॉलकैप ने बेहतर प्रदर्शन किया, जबकि मिडकैप ने थोड़ा कमजोर प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा कि निफ्टी के लिए अगली महत्वपूर्ण बाधा 19,840 है, जबकि नकारात्मक पक्ष 19,550-19,580 के समर्थन क्षेत्र में है। जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा कि अमेरिका और ब्रिटेन के अनुमान से कम मुद्रास्फीति आंकड़ों के कारण सकारात्मक वैश्विक संकेतों के जवाब में बाजार में मजबूत उछाल रहा, जिससे ब्याज दर कम होने की उम्मीद बढ़ गई है। बॉन्ड यील्ड से भी यही संकेत मिलता है। इससे उभरते बाजारों में एफआईआई प्रवाह आकर्षित होने की संभावना है, जो मौजूदा बेहतर कमाई के मौसम और त्योहारी मांग में बढ़ोतरी को देखते हुए भारत के लिए अच्छा है।

# अक्टूबर में भारत का व्यापार घाटा बढ़कर हुआ 31.5 अरब डॉलर

**नई दिल्ली।** वाणिज्य सचिव सुनील बर्थवाल ने बुधवार को कहा कि अक्टूबर में भारत का व्यापार घाटा 31.46 अरब डॉलर रहा, जबकि इस महीने के दौरान देश का आयात बढक़र 65.03 अरब डॉलर हो गया।

वैश्विक कच्चे तेल की कीमतों में तेज उछाल के कारण देश के इंपोर्ट बिल में वृद्धि हुई है। इसी तरह, सोने का आयात अक्टूबर 2022 की तुलना में अक्टूबर 2023 में 5.5 प्रतिशत बढक़र 29.48 बिलियन डॉलर हो गया।

सितंबर में व्यापार घाटा 19.37 अरब डॉलर था।

अक्टूबर में देश का निर्यात 6.2 प्रतिशत बढक़र 33.57 बिलियन डॉलर हो गया, जो अक्टूबर 2022 में 31.60 बिलियन डॉलर था, जबकि आयात 65.03 बिलियन डॉलर रहा, जो पिछले साल इसी महीने 57.91 बिलियन डॉलर से अधिक था।

माह के दौरान निर्यात में वृद्धि राहत की बात है। इसने हाल के महीनों में गिरावट के ट्रेंड को तोड़ दिया।

इस वर्ष अप्रैल-अक्टूबर के दौरान निर्यात पिछले वर्ष की समान अवधि की तुलना में 7 प्रतिशत गिरकर 244.89 बिलियन डॉलर रह गया।

अप्रैल-अक्टूबर में माल आयात 391.96 अरब डॉलर रहा, जो पिछले साल की समान अवधि से 8.95 प्रतिशत कम है।

# अल्फाबेट ने ऐप्पल को सफारी राजस्व का 36 प्रतिशत किया भुगतान : सुंदर पिचाई



**वाशिंगटन।** अल्फाबेट के सीईओ सुंदर पिचाई ने पुष्टि की है कि डिफॉल्ट सर्च समझौते की शर्तों के तहत, एप्पल को गूगल सफारी सर्च इंजन राजस्व का 36 प्रतिशत भुगतान कर रहा है।

रिपोर्ट के अनुसार, वाशिंगटन डीसी में फोर्टनाइट डेवलपर एपिक गेम्स द्वारा गूगल के खिलाफ दायर मुकदमे में गवाही देते हुए पिचाई ने मंगलवार को इस बात की पुष्टि की।

एपिक के एक वकील ने पिचाई से पूछा कि क्या गूगल के गवाह द्वारा प्रस्तुत विवरण सटीक हैं। पिचाई ने जवाब दिया, यह सही है।

सैमसंग सौदे के बारे में पिचाई ने अदालत से कहा कि यह सेब और संतरे की तरह है।

रिपोर्ट में कहा गया है, "एपिक के वकील ने पिचाई से एप्पल को भुगतान की जाने वाली सटीक राशि के बारे में भी पूछा, जिस पर पिचाई ने कहा कि यह 10 बिलियन डॉलर से अधिक है। लेकिन वकील ने कहा कि यह आंकड़ा वास्तव में 18 बिलियन डॉलर है।

एपिक गेम्स के अलावा, अल्फाबेट (गूगल की मूल कंपनी) कथित प्रतिस्पर्धा-विरोधी व्यवहार से संबंधित दो अलग-अलग अमेरिकी न्याय विभाग के मुकदमों का सामना कर रही है।

एपिक तर्क दे रहा है कि एंड्रॉइड स्मार्टफ़ोन के लिए गूगल प्ले स्टोर पर गूगल का एकाधिकार नियंत्रण कानूनों का उल्लंघन करता है।

इस बीच, गूगल ने अपने लोकप्रिय गेम फोर्टनाइट को गूगल प्ले स्टोर पर लॉन्च करने के लिए गेम डेवलपर एपिक गेम्स को 147 मिलियन डॉलर के सौदे की पेशकश की।

# ऐश्वर्या रजनीकांत निर्देशित लाल सलाम का टीजर रिलीज



दिवाली के शुभ अवसर पर, लाइका प्रोडक्शंस के तहत ऐश्वर्या रजनीकांत के निर्देशन में बनी फिल्म लाल सलाम की टीम ने एक गहन और मनमोहक टीज़र का अनावरण किया। यह भारतीय तमिल भाषा का खेल नाटक, ऐश्वर्या रजनीकांत द्वारा लिखित और निर्देशित और सुबास्करन अल्लिराजाह के बैनर लाइका प्रोडक्शंस द्वारा निर्मित है, जिसमें विष्णु विशाल और विक्रांत मुख्य भूमिकाओं में हैं, जिसमें खुद रजनीकांत द्वारा एक उल्लेखनीय विस्तारित कैमियो है।

सुपरस्टार रजनीकांत ने अपने प्रशंसकों और फिल्म प्रेमियों को रोमांचित करते हुए फिल्म के टीज़र का अनावरण करने से पहले दिवाली की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। टीज़र मुंबई में होने वाली घटनाओं को स्पष्ट रूप से चित्रित करता है, जो क्रिकेट-केंद्रित सेटिंग में हिंदुओं और मुसलमानों के बीच झड़पों के नतीजों पर प्रकाश डालता है। यह दो उत्साही क्रिकेट प्रेमियों की कहानी बताती है - एक हिंदू, दूसरा मुस्लिम - जो अपनी धार्मिक असमानताओं से प्रेरित होकर क्रिकेट के मैदान पर दुश्मनी और ईर्ष्या को बढ़ावा देते हैं।

कहानी का सार रजनीकांत द्वारा चित्रित मोइनुद्दीन भाई और बढ़ते तनाव को हल करने की उनकी खोज के इर्द-गिर्द घूमती है। टीज़र में परस्पर विरोधी समुदायों के बीच संवाद और सुलह प्रयासों में शामिल होकर क्षेत्र में शांति बहाल करने के लिए मोइनुद्दीन भाई के संघर्ष को दिखाया गया है।

# टाइगर 3 हुई 100 करोड़ रुपये के पार, दूसरे दिन बनी सबसे ज्यादा कमाऊ हिंदी फिल्म



सलमान खान की फिल्म टाइगर 3 को भले ही समीक्षकों से कुछ खास प्रतिक्रिया नहीं मिली, लेकिन बॉक्स ऑफिस पर यह बढिय़ा प्रदर्शन कर रही है।जहां पहले दिन इसने जबरदस्त कमाई के साथ अपना खाता खोला, वहीं दूसरे दिन उससे भी ज्यादा धुआंदार कमाई की और फिल्म ने जवान तक को धूल चटा दी। जवान को पीछे छोड़ते हुए टाइगर 3 अब तक की दूसरे दिन सबसे ज्यादा कमाई करने वाली हिंदी फिल्म बन गई है।

रिपोर्ट के मुताबिक, टाइगर 3 ने जहां पहले दिन बॉक्स ऑफिस पर 44.5 करोड़ रुपये कमाए थे, वहीं दूसरे दिन इसने 57.5 करोड़ रुपये कूटे। इसी के साथ यह दूसरे दिन सबसे ज्यादा कमाई करने वाली हिंदी फिल्म बन चुकी है।शाहरुख खान की जवान ने दूसरे दिन 53.23 करोड़ रुपये कमाए थे।

# आज का राशिफल

***मेष-*** मेष राशि वालों आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आज आपको व्यापार में अच्छा मुनाफा मिलने से आपका मन प्रसन्न रहेगा। जीवनसाथी के साथ आप डिनर पर जा सकते हैं।

***वृष-*** वृष राशि वालों आज का दिन आपके लिए नयी उमंग से भरा रहने वाला है। आज परिवार में चल रही अनबन से आपको छुटकारा मिल जायेगा। आप किसी व्यक्ति की मदद करेंगे और उनको कुछ आवश्यकता की चीजें भी गिफ्ट करेंगे।

***मिथुन-*** मिथुन राशि वालों आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आज आपको किसी नए काम में हाथ आजमाने का मौका मिलेगा । परिवार के लोग आज आपसे कुछ खास चीजों की डिमांड कर सकते हैं ।

***कर्क-*** कर्क राशि वालों आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। विद्यार्थियों को अपनी पढ़ाई पर पूरा फोकस करना होगा । परिवार में किसी सदस्य के स्वास्थ्य में चल रही समस्या आज समाप्त होगी।

***सिंह-*** सिंह राशि वालों आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहने वाला है। आज आप माता को उनकी पसंद की कोई चीज गिफ्ट करेंगे। आपको किसी संपत्ति की खरीदारी करते समय उसके जरूरी कागजातो पर ध्यान अवश्य देना चाहिए।

***कन्या-*** कन्या राशि वालों आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज आप अपने बिजनेस की गति बढ़ाने के लिए कुछ नया प्लान बनायेंगे। माता-पिता से आप मन में चल रही कुछ बातों को लेकर बातचीत कर सकते हैं।

***तुला-*** तुला राशि वालों आज का दिन आपके लिए बेहतरीन रहने वाला है। आपका कोई जरूरी काम समय से पूरा हो जायेगा, आप रिलैक्स महसूस करेंगे। किसी नये प्रोजेक्ट पर काम शुरू करेंगे।

***वृश्चिक-*** वृश्चिक राशि वालों आज का दिन आपके लिए ख़ास रहने वाला है। आज किसी नए काम की शुरुआत करने के लिए दिन अच्छा है । किसी कानूनी मामले में भी आज आपको जीत मिलने के योग बन रहे है।

***धनु-*** धनु राशि वालों आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। संतान की नौकरी से संबंधित कागजात तैयार करने के लिए भागदौड़ में लगे रहेंगे। ससुराल पक्ष के किसी व्यक्ति से आपको गिले-शिकवे दूर करने का मौका मिलेगा।

***मकर-*** मकर राशि वालों आज आपके दिन की शुरुआत अच्छी रहने वाली है। आपका किसी नए वाहन को खरीदने का सपना आज पूरा होगा । आप आज किसी से अपने मन की बातों को शेयर करोगे और वह आपकी बातों को अहमियत देगा।

***कुंभ-*** कुंभ राशि वालों आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आज का दिन तरक्की के नए नये मार्ग खोलेगा। छात्रों को जल्द ही सफलता हासिल होगी। प्राइवेट जॉब कर रहे लोगों को आज प्रमोशन मिल सकता है।

***मीन-*** मीन राशि वालों आज का दिन मिला-जुला रहने वाला है। आज आप व्यापार के मामले में किसी पर आंख मूंदकर भरोसा ना करें। यदि आपने पहले किसी को पैसा उधार दिए थे, तो आज वो वापस मिलेगा।

# तकिया ही कैसे बनता है पिपंल होने का कारण

जितनी जरूरी हमारी हेल्थ है ठीक उसी तरह हमारी त्वचा और बालों को भी हमारी खास केयर की जरूरत पड़ती है. कई बार ऐसा होता है कि त्वचा की ठीक से देखभाल नहीं होने पर उसपर मुंहासे या पिंप्लस कई दिनों तक रह जाते हैं. जोकि काफी ज्यादा परेशान करते हैं. लेकिन आपको पता चला कि चेहरे पर पिंप्लस का कारण आपका तकिया हो सकता है तो इस पर आप क्या कहेंगे? आज हम इस आर्टिकल के जरिए तकिया और पिंप्लस के बीच क्या कनेक्शन है इस पर ही चर्चा करेंगे.

**तकिये में बैक्टीरिया जमा हो जाते हैं-** जब तकिए को बार-बार नहीं धोया जाता है, तो इसमें धीरे-धीरे बैक्टीरिया, गंदगी और तेल जमा होने लगते हैं. गंदगी जमा होने के कारण तकिए के बाहरी भाग में गंदगी पनपने के कारण मुंहासे निकलने का कारण बनते हैं. ये पर्यावरण और डेली लाइफस्टाइल से हमारी अपनी त्वचा और बालों से आते हैं. बाहरी कपड़ों के संपर्क से आपकी त्वचा में होने वाली जलन को एक्ने मैकेनिका कहा जाता है. कपड़े गर्मी, पसीने या बैक्टीरिया को फंसा लेते हैं, जिससे त्वचा में जलन होती है. हालांकि खेल उपकरणों के कारण अक्सर एथलीटों में देखा जाता है. तकिए जैसी घरेलू वस्तुएं भी मुंहासे मेकेनिका को बढ़ा सकती है.

**दाग-धब्बे हो सकते हैं-** रिपोर्ट के अनुसार एक्ने मैकेनिका किसी भी प्रकार का मुंहासे है जो आपके चेहरे को छूने वाली सामग्री या वस्तुओं का परिणाम है. जब आपके तकिए के आवरण को नियमित रूप से नहीं धोया जाता है या बदला नहीं जाता है. तो पर्यावरण से गंदगी और तेल के साथ-साथ तकिये को छूने वाली आपकी त्वचा और बाल आपकी त्वचा में वापस चले जाते हैं. इससे रोमछिद्र बंद हो सकते हैं और दाग-धब्बे हो सकते हैं.

**हर रोज चेहरा धोएं-** सोने से पहले अपने बालों से सभी मेकअप और स्टाइलिंग उत्पादों को हटाना सुनिश्चित करें ताकि यह आपके तकिये और बिस्तर पर न लगें. दिन भर से बहुत थक गये? बस एक गैर-कॉमेडोजेनिक फेशियल वाइप से मेकअप, जमी हुई मैल और तेल को पोंछ लें, विशेष रूप से इस तरह से तैयार किया गया है कि रोमछिद्र अवरुद्ध न हों, क्या आपको अपनी त्वचा संबंधी समस्याओं के लिए और अधिक उत्तर चाहिए?

# शब्द सामर्थ्य- 244

**बाएं से दाएं**
1. आय व्यय का लेखा-जोखा, गणित, एकाउंट 3. विनती, अदब 6. दृष्टांत, सुपुर्दगी, उदाहरण 7. मूल्यवान, बहुमूल्य 8. अच्छे ढंग में गाया जाने वाला सुंदर गीत 10. बराबर, सम 12. मुख, चेहरा 14. अनुकृति, अनुकरण, असल का विलोम 17. दिमाग, मस्तिष्क 18. मनोहर, सुंदर, इच्छित, प्यारा 19. गर्मी, ताप 21. रसिया, प्रेमी, रसपान करने वाला 23. दबाव, भार 24. भीख 25. काम से जी चुराने वाला, आलसी।

**ऊपर से नीचे**
1. साहस, वीरता, बहादुरी 2. बहिन, प्रवाहित होना 3. प्रणय क्रीडा, सुखोपभोग, हावभाव 4. विश्वास, प्रतीति 5. इंतजार 9. खाने-पीने का सामान, रसद 11. नशीला, मदभरा 12. घायल, जख्मी 13. झुकना, प्रणाम, नमस्कार 14. दृष्टि, निगाह 15. तीव्रइच्छा 16. अर्थ, अभिप्राय, स्वार्थ 20. इम्तिहान, योग्यता आदि को परखना 22. जुल्म, अन्याय 23. पत्नी, बीवी, एक प्रत्यय।



### शब्द सामर्थ्य क्रमांक 243 का हल



# सू-दोकू- 244

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 7 | | | | 1 | | 3 | |
| 1 | | 9 | | | | 5 | | |
| | | | 3 | | | | 1 | |
| | | 5 | | | | | | 3 |
| 3 | | | | | 2 | | 5 | |
| | | | | 3 | | | | 2 |
| | 4 | | | | | | 7 | |
| 7 | | 8 | | 1 | | 6 | | |
| | 6 | | 7 | | 9 | | | 1 |

**नियम**
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

### सू-दोकू क्र.243 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |